# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने

**जहां भी कोई कमी हो उसे तत्काल दूर किया जाए**



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊमरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

कलेक्टर सबसे पहले नयागांव स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने परीक्षा कक्षों की स्थिति, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, सुरक्षा इंतजाम, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने निर्देशित किया कि जहां भी कोई कमी हो, उसे तत्काल दूर किया जाए, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं का भी भ्रमण किया। उन्होंने कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों से आगामी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर संवाद किया, बच्चों के शैक्षणिक स्तर की पड़ताल की और उन्हें परीक्षा में सफलता के उपयोगी टिप्स दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। इसके पश्चात कलेक्टर ऊमरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

### एकाग्रता से पढ़ाई करने की दी समझाइश

यहां उन्होंने कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शिक्षा स्तर का आकलन किया और बच्चों को मेहनत, लगन एवं एकाग्रता से पढ़ाई करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम से ही उज्वल भविष्य का निर्माण होता है। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा में अब कम समय शेष है, ऐसे में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को और मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि छात्र अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हों और विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर रहे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

# कलेक्टर ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने गुरुवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भिंड का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर संवाद किया और उनका मनोबल बढ़ाया।

कलेक्टर मीणा ने शिक्षकों से चर्चा कर शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम प्रगति एवं परीक्षा तैयारी से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं, प्रयोगशालाओं (लैब), फर्नीचर, स्वच्छता व्यवस्था, खेल मैदान तथा अन्य मूलभूत शैक्षणिक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए तथा जहां आवश्यक हो, वहां तत्काल सुधार सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन वोकेशनल लैब का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक सुधार एवं तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे वे प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

# 'संकल्प से समाधान' अभियान जारी



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** शासन के निर्देशानुसार भिण्ड जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'संकल्प से समाधान' अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक जिलेभर में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

अभियान के तहत हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा चरणबद्ध कार्यवाही की जा रही है। अभियान के प्रथम चरण में ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों के गठित दल द्वारा घर-घर संपर्क कर एवं शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों से आवेदन एकत्र किए जा रहे हैं।

# नयागांव रोड पर संचालित अवैध दवाखाना सील, प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने नयागांव रोड स्थित मोहाण्ड तिराहे पर संचालित एक अवैध दवाखाने पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं क्लीनिक पैथोलॉजी के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार, उक्त




क्लीनिक का संचालन पंकज सत्यार्थी पुत्र खुशीराम सत्यार्थी द्वारा किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा बिना वैध पंजीयन एवं अनुमति के दवाखाना संचालित किया जा रहा था, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

**क्लीनिक की आड़ में चल रहा था ग्राहक सेवा केंद्र :** जांच में यह भी सामने आया कि अवैध क्लीनिक के साथ-साथ वहीं पर ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) का भी संचालन किया जा रहा था। इस केंद्र के माध्यम से ई-केवाईसी, बैंक खाता खोलने तथा आधार कार्ड के जरिए राशि आहरण जैसे कार्य किए जा रहे थे, जो नियम विरुद्ध पाए गए।

### भविष्य में अवैध संचालन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम डॉ. आलोक शर्मा ने संबंधित संचालक को भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियां न करने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसी गतिविधि पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत एवं अधिकृत चिकित्सकीय संस्थानों से ही उपचार कराएं।

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर**

# नुक्कड़ नाटक, कानून व हेल्पलाइन की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** भारत सरकार संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत गुरुवार को भिंड जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 भिंड एवं गोल मार्केट भिंड में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुरीति के विरुद्ध आवाज बुलंद की गई तथा आम नागरिकों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कलाकारों ने सशक्त और प्रभावशाली अभिनय के जरिए बाल विवाह रोकथाम, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता से जुड़े संदेशों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रमुख कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि बाल विवाह कराना, करवाना या इसमें सहयोग करना कानूनन अपराध है, जिसमें दंड का प्रावधान है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह भी समझाया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। नागरिकों को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह की सूचना संबंधित एसडीएम कार्यालय, थाना अथवा खंड स्तर पर दी जा सकती है। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 भिंड के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, क्षेत्रीय पार्षद, वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षकों ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, जिसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने सेवाप्रदाताओं जैसे पंडित, टेंट संचालक, नाई, कैटर्स आदि से अपील की कि विवाह से पूर्व वर-वधु की आयु की पुष्टि करें और कानून का पालन करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं।

# एपीसी व रोजगारमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वार्षिक योजना समिति (एपीसी) तथा स्वरोजगार एवं रोजगारमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत भिंड सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के क्रियान्वयन के तहत बीआरसी गतिविधियों की प्रगति, आत्मा कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम अंतर्गत प्राकृतिक खेती एवं जैविक शहद उत्पादन, उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित भिंड की संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना की समीक्षा की गई। इसके अलावा पशुपालन विभाग की डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, नगरीय विकास विभाग की पीएम स्वनिधि योजना, उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं लखपति दीदी योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

**कृषि भी रोजगार का सशक्त माध्यम :** कलेक्टर ने बैठक में कहा कि कृषि भी रोजगार का एक मजबूत माध्यम है। पॉलीहाउस स्थापना एवं कस्टम हायरिंग सेंटर खोलकर किसानों को स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी बैंकों को रोजगारमूलक योजनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### प्राकृतिक खेती व मधुमक्खी पालन को बढ़ावा

कलेक्टर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी विकासखंडों में नवाचार घटक अंतर्गत चयनित प्राकृतिक खेती कर रहे कृषकों के फार्म पर जैविक शहद उत्पादन हेतु मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और नियमित समीक्षा के माध्यम से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** शहर के अटेर रोड नवादा क्षेत्र में गुरुवार को एक कंपनी के कर्मचारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान प्रतीक बौहरे (35) के रूप में हुई है। युवक का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार, अटेर रोड नवादा निवासी प्रतीक पुत्र रामवरण बौहरे बुधवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार दोपहर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को संदेह हुआ। कई बार आवाज देने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर का दृश्य देख परिजन सन्न रह गए, क्योंकि प्रतीक पंखे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

**दरवाजा तोड़कर शव उतारा :** घटना की सूचना तत्काल कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सुसाइड नोट नहीं मिला, जांच जारी

पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक जिओ कंपनी में कार्यरत था और आत्महत्या के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और मृतक की निजी व व्यावसायिक परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है।

# ई-विकास प्रणाली को लेकर उर्वरक विक्रेताओं का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 फरवरी।** किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में ई-विकास प्रणाली लागू की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टर सभागार भिंड में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मार्गदर्शन में मार्कफेड, मार्केटिंग एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**किसानों को मिलेगा ई-टोकन से खाद**




उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास भिंड ने बताया कि ई-विकास प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया गया है। इस प्रणाली में किसानों के पंजीयन के बाद ई-टोकन जारी किया जाएगा, जिसके आधार पर ही उर्वरक का वितरण होगा।

**ई-टोकन में दर्ज रहेंगी पूरी जानकारियां :** ई-टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार व मात्रा, वितरण केंद्र, निर्धारित तिथि और समय अंकित रहेगा। किसान यह टोकन एसएमएस, मोबाइल एप या वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित समय पर संबंधित केंद्र से उर्वरक ले सकेंगे।

**ई-विकास प्रणाली के प्रमुख लाभ :** इस प्रणाली के लागू होने से उर्वरक वितरण का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे सरकारी निगरानी और नियंत्रण मजबूत होगा। किसानों को लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। ई-टोकन आधारित व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगेगी। साथ ही, सरकार को किसानों की उर्वरक मांग और आपूर्ति का सही आकलन कर समय पर पूर्ति करने में मदद मिलेगी।

### प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

जिले में ई-विकास प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय साप्ताहिक बैठकों में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अमले के माध्यम से किसानों के बीच इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इस नई व्यवस्था का लाभ उठा सकें।

# पत्थर का अवैध परिवहन कर रहा आरोपी दबोचा, ट्रेक्टर-ट्रॉली जप्त

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में रेत एवं पत्थर के अवैध रूप से परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया, जिसके तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के निर्देशन में थाना बागचीनी पुलिस द्वारा अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 टैक्टर-ट्रॉली कीमती करीबन 07 लाख की जब्त की गई।

दिनांक 05.02.26 को निरी. शशि कुमार थाना प्रभारी बागचीनी हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर से प्राप्त



सूचना के आधार पर चैकिंग लगाकर ग्राम अरूपुरा से अवैध रूप से पत्थर का परिवहन करते हुए 01 आरोपी को मय 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली के पकडकर चैक किया गया तो उक्त टैक्टर की ट्रॉली में अवैध पत्थर पाया गया, जिसके संबंध में चालक से वैध दस्तावेज चाहे गए तो न होना बताया गया, तदोपरांत मौके से उक्त 01 नीले रंग का स्वराज टैक्टर-ट्रॉली कीमती करीबन 207 लाख को जब्त कर आरोपी को गिफ्तार किया गया। बाद थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 19/26 धारा 303 (2) , 317 ( 5 ) बीएनएस, धारा 21 (1), 4 (ए) खान एवं खनिज विकास विनियमन अधिनियम 1957 का कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आज मनाई जाएगी पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना की चौदहवीं वर्षगांठ

**मुरैना/पोरसा, 5 फरवरी।** आज गिरिराज जी के मंदिर में स्थित पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना की 14वीं वर्षगांठ महंत रामकिशोर दास शास्त्री के सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। भगवान गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के मंदिर में आज से 14 वर्ष पूर्व पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना हुई थी। उनकी स्थापना की 14वीं वर्षगांठ पर आज हरनाम सिंह चौहान के सानिध्य में हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का पाठ तथा हनुमान जी का श्रृंगार एवं विशेष पूजन किया जाएगा।

# विद्युत पेंशनर्स की बैठक आयोजित, अनेक बिंदुओं पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 फरवरी।** विद्युत मण्डल सर्किल परिसर हनुमान मंदिर पर विद्युत पेंशनर्स की मासिक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों पेंशनर्स साथी एकत्रित हुए। बैठक की अध्यक्षता विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन मुरैना के अध्यक्ष पी.पी. मिश्रा ने की। बैठक का सफल संचालन विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष जयनारायण शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन विमल चंद्र जैन ने किया।

मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर्स एसोसिएशन मुरैना के क्षेत्रीय अध्यक्ष पी.एस. तोमर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संगठित होकर अपनी लंबित मांगों को मनमाने के लिए सतत क्रियाशील रहना है। शासन पेंशनर्स की लगातार उपेक्षा करता



आ रहा है। शासन पेंशनर्स का काफी राहत राशि का बकाया हड़पकर चुका है। उन्होंने 11 फरवरी को आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन के बारे में विस्तार से बताया। इस बैठक में दो सूत्रीय मांग प्रस्तावित की गई। प्रथम मांग है कि राज्य सरकार पेंशन की गारंटी दे। द्वितीय है कि केन्द्रीय कर्मचारियों के समान मंहगाई राहत दे। इन दो सूत्रीय मांगों को लेकर 11 फरवरी 2026 को पूरे राज्य में धरना प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें सभी विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन मिलकर व्यापक धरना प्रदर्शन करेंगी एवं ज्ञापन दिए जायेंगे।सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पेंशनर्स साथी श्रीकृष्ण यादव ने कि मध्यप्रदेश शासन पेंशनर्स की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हम सबको मिलकर एक विशाल आंदोलन करने की आवश्यकता है। 11 फरवरी को आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स साथी शामिल होकर धरना प्रदर्शन को सफल बनायें। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में पी.पी. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार के सभी पेंशनर्स संगठन हमारे साथ हैं। वे भी इस धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। सभी पेंशनर्स साथी तन मन धन से सहयोग करें। इस बैठक में मायाराम शर्मा, सुल्तान सिंह सिकरवार, वीरेंद्र सिंह सिकरवार, व्हीसी कटारिया, विमल चंद जैन, मुरारीलाल प्रजापति, सियाराम रजक, ध्रुव सिंह चौहान, रामबाबू श्रीवास, रघुवीर सक्सेना, ओमप्रकाश सविता, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सीएल नागर, राधेश्याम शर्मा, दाताराम माहोर, राधाचरण, जगदीश राजपूत, बनवारी, लाल बघेल, राजेन्द्र राजपूत के साथ ही सैकड़ों पेंशनर्स साथी शामिल हुए।